# 24 March 2026, Two-days Induction-cum-Orientation Program for MD, MS Students Batch 2025


खबरें छुपाता नहीं, छापता है

**शाह टाइम्स**

अधिकतम :24° C
न्यूनतम: 13° C

हापुड़, मंगलवार 24 मार्च 2026 वर्ष 23 अंक 206 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper


## चुनौतियों भरा लेकिन गौरवशाली सफर, एमडी-एमएस छात्रों को दिया गया मार्गदर्शन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिलखुआ।** जीएस विश्वविद्यालय के अंतर्गत जीएस मेडिकल कॉलेज में सत्र 2025-26 के एम.डी. एवं एम.एस. के नवप्रवेशित छात्रों के लिए भव्य ओरिएंटेशन कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में नए विद्यार्थियों को चिकित्सा शिक्षा के उच्च मानकों, जिम्मेदारियों और पेशेगत मूल्यों से अवगत कराया गया। कार्यक्रम का संचालन डा. सरनदीप पुरी ने किया और सभी छात्रों व अतिथियों का स्वागत किया।

विश्वविद्यालय के वाइस चांसलर डा. यतीश अग्रवाल ने कार्यक्रम में पहुंचे प्रो चांसलर डा. अंकित शर्मा, प्रो वाइस चांसलर डा. रूपाली शर्मा, सीईओ डा. नेहा शर्मा सहित अन्य गणमान्य अतिथियों का अभिनंदन किया। नवप्रवेशित छात्रों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि एम.डी. और एम.एस. की पढ़ाई केवल डिग्री प्राप्त करने का माध्यम नहीं, बल्कि सेवा, समर्पण और जिम्मेदारी का मार्ग है। यह सफर कठिन जरूर है, लेकिन यही कठिनाइयां एक श्रेष्ठ चिकित्सक का निर्माण करती हैं। उन्होंने बताया कि यह दो दिवसीय ओरिएंटेशन कार्यक्रम है, जिसमें छात्रों को उनके अधिकारों, कर्तव्यों और सामाजिक उत्तरदायित्वों से परिचित कराया जाएगा। प्रो वाइस चांसलर डा. रूपाली शर्मा ने कहा कि वर्तमान समय में चिकित्सा क्षेत्र तेजी से बदल रहा है और डॉक्टरों को नई तकनीकों, टीम वर्क तथा निरंतर अध्ययन के माध्यम से खुद को अद्यतन रखना होगा। कार्यक्रम में डीन डा. प्रदीप गर्ग, मेडिकल सुपरिटेंडेंट डा. शरद गोयल, डा. एस. कुमार, अंकित विज्ञ, मनोज शिशोदिया, सुमित सिंह सहित विभिन्न विभागों के अध्यक्ष एवं वरिष्ठ चिकित्सक भी मौजूद रहे। कार्यक्रम के दौरान छात्रों में उत्साह और नई शुरुआत को लेकर विशेष उमंग देखने को मिली।

24 March 2026, Two-days Induction-cum-Orientation Program for MD, MS Students Batch 2025

दैनिक जर्नी ऑफ सक्सैस

गाजियाबाद से प्रकाशित एवं दिल्ली, लखनऊ, हापुड़, मेरठ, नोएडा, बुलंदशहर, शामली, बड़ौत, बागपत में प्रसारित

जोश सच का...

वर्ष: 12 | अंक: 287 | journeyofsucces@gmail.com | गाजियाबाद, मंगलवार 24 मार्च- 2026 | RNI. No. UPHIN/2013/53934 | पेज-8 | मूल्य: ₹3

नवरात्रि छठा दिन

माँ कात्यायनी

या देवी सर्वभूतेषु कात्यायनी रुपेण संस्थिता।

नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमो नमः।।

# जी.एस. विश्वविद्यालय में एम.डी. व एम.एस. छात्रों का ओरिएंटेशन कार्यक्रम आयोजित

जर्नी ऑफ सक्सैस

**पिलखुवा।** जी.एस. विश्वविद्यालय, पिलखुआ के अंतर्गत जी.एस. मेडिकल कॉलेज में सत्र 2025झ26 के एम.डी. एवं एम.एस. के नवप्रवेशित छात्रों के लिए ओरिएंटेशन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. सरनदीप पुरी ने किया तथा उन्होंने सभी का गर्मजोशी से स्वागत किया।

विश्वविद्यालय के वाइस चांसलर डॉ. यतीश अग्रवाल ने कार्यक्रम में उपस्थित प्रो-चांसलर डॉ. अंकित शर्मा, डॉ. रूपाली शर्मा, प्रो-वाइस चांसलर डॉ. नेहा शर्मा, सीईओ एवं अन्य अतिथियों का स्वागत किया। उन्होंने बताया कि विश्वविद्यालय शिक्षा के क्षेत्र में निरंतर प्रगति कर रहा है। नवप्रवेशित छात्रों का स्वागत करते हुए डॉ. अग्रवाल ने कहा कि एम.डी. और एम.एस. की यात्रा चुनौतीपूर्ण होने के साथ-साथ प्रेरणादायक भी है।

विश्वविद्यालय छात्रों को हर संभव शैक्षणिक एवं नैतिक सहयोग प्रदान करेगा। उन्होंने यह भी बताया कि यह ओरिएंटेशन कार्यक्रम दो दिवसीय है, जिसमें छात्रों को उनके दायित्वों, अधिकारों और सामाजिक समरसता के बारे में जानकारी दी जाएगी।

डॉ. अग्रवाल ने कहा कि किसी भी व्यक्ति की प्रगति के लिए संवेदनशीलता, कर्तव्यनिष्ठा और समर्पण भाव अत्यंत आवश्यक हैं। प्रो-वाइस चांसलर डॉ. रूपाली शर्मा ने अपने संबोधन में कहा कि वर्तमान समय में चिकित्सकों के लिए बदलती परिस्थितियों के अनुरूप बेहतर चिकित्सा सेवाएं प्रदान करने हेतु नई तकनीकों, आपसी समन्वय और निरंतर ज्ञान अर्जन की आवश्यकता है।

उन्होंने कहा कि नई पीढ़ी ही नए भारत के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी और जी.एस. विश्वविद्यालय की मानवतावादी सोच को आगे बढ़ाएगी।

कार्यक्रम में डीन डॉ. प्रदीप गर्ग, मेडिकल सुपरिटेंडेंट डॉ. शरद गोयल, डॉ. एस. कुमार, अंकित विझ, मनोज शिशोदिया, सुमित सिंह तथा सभी विभागों के विभागाध्यक्ष भी उपस्थित रहे।